तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 23 दिसंबर 2024

13 खरोरा स्कूल में नाटक व नृत्य प्रतियोगिता हुई


14 छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण, जलप्रपात...




## खबर संक्षेप

### महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट

**महासमुंद।** शहर के वार्ड नंबर 21 सुभाष नगर की एक महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया सुरकी बाई के घर में रखे खुरपा को कोई ले गया था, जिसके बारे में बोलकर वह चिल्ला रही थी, तभी आरोपी प्रेम मोची मुझे कह रहे हो बोलकर गाली गलौज, हाथ थप्पड़ से मारपीट करते हुए अपने पास रखे पत्थर के टुकड़े से महिला के दाहिने आंख के पास वार कर दिया और लात घूंसा से भी मारपीट की। इस दौरान बीच बचाव करने आए महिला के बेटे गणेश अजगर के साथ भी मारपीट कर गाली देते हुए दोनों को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### शिक्षक से दो लोगों ने की मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** पटेवा क्षेत्र के ग्राम गोंगल में एक शिक्षक के साथ झलप के दो लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस ने बताया कि प्राथमिक स्कूल गोंगल के सहायक शिक्षक लोकेश्वर सिंह ध्रुव के साथ झलप निवासी खगेश पटेल, सुमीत गिलहरे ने मारपीट करते हुए, गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी। पटेवा पुलिस ने मामले में शिक्षक की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### पुराने विवाद के लेकर युवक से मारपीट

**महासमुंद।** पुराने विवाद को लेकर दो लोगों ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी। पुलिस को मनोज नेताम निवासी वार्ड नंबर 11 सांकरा बताया कि एक सप्ताह पूर्व अपने मोटर सायकल में अपने दोस्त रुपेश अग्रवाल के साथ अपने घर सांकरा से गुरु घासीदास चौक सांकरा की ओर जा रहा था, इस दौरान कृष्णा यादव एवं नरेंद्र तांडी से पूर्व में हुए विवाद को लेकर 21 दिसंबर की शाम करीबन 5 बजे हाईस्कूल के पास आरोपी कृष्णा यादव एवं नरेंद्र तांडी ने मिलकर गाली देकर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का एवं राड से मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2)-बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### आज धान खरीदी बंद, किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**महासमुंद।** धान खरीदी तेंदूकोना में अभी तक धान उठाव नहीं होने के कारण 23 दिसंबर को जगह के अभाव में धान खरीदी बंद रहेगी। यह जानकारी समिति ने दी। लेकिन, 23 दिसंबर को तेंदूकोना के किसानों की की बारी है। धान बेचने की बहुत सारे किसान बचे हुए है। आज धान खरीदी नहीं होने की स्थिति में किसानों ने उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

# डाकघर में पासबुक में हेराफेरी कर कैशियर ने लगाई लाख रुपए की चपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लिमतरा

■ ग्राम विश्रामपुर सब पोस्ट ऑफिस का मामला

ग्राम विश्रामपुर सब पोस्ट ऑफिस के खाता धारकों के खातों से बड़ी रकम गायब होने की शिकायत सामने आई है। कई ग्रामीणों की खुनपसीने से कमाई जमा पूंजी जो पोस्ट आफिस के बचत खाते में रखा था, अब खाते से गायब बताया जा रहा है, पास बुक में एंटी भी है लेकीन पोस्ट ऑफिस के खाते में जमा नहीं बता रहे हैं। जब खाताधारी अपनी रकम निकालने पहुंचे तो पता चला की खाते में राशि ही नहीं है, तो सभी भौचक्का रह गए। फिर जिस कैशियर को जमा किए थे तो उनसे पूछा गया तो वह गोलमोल जवाब दिया गया। जिसके बाद सिमगा क्षेत्रीय पोस्ट ऑफिस में पूछा गया तो लाखों का गबन खेल सामने आया है। आरोपी विश्रामपुर पोस्ट ऑफिस में ही कैशियर था उसने ही पैसे के लेनदेन में हेराफेरी कर खाताधारकों को चुना लगाया है। गौर तलब है कि विश्रामपुर सब पोस्ट ऑफिस में लगभग 12से 15 ग्राम आते है, जहां ग्रामीणों के हजारों बचत खाते खुले है। किसी खाताधारकों के साथ अन्याय नहीं होगा, बचे खाताधारकों को सूचित कर उनसे भी जानकारी ली जाएगी कि उनके खातों में तो गड़बड़ नहीं है।

## खाताधारी रकम निकालने पोस्ट ऑफिस पहुंचे तो पता चला की खाते में राशि ही नहीं है

### रकम दी जाएगी

इस सबंध में डाक अधीक्षक रायपुर सुरेंद्र साहू ने बताया कि विभागीय जांच चल रही है। मूलपास बुक को लेकर डुप्लीकेट पासबुक जारी कर दी गई है, बीस हजार से ज्यादा का क्लेम डिवीजन ऑफिस भेज दिया गया है। क्लेम आने पर ब्याज समेत खाधरको के खाते में, या चेक के माध्यम से रकम दे दी जाएगी।




### मूल पासबुक किया जमा, नहीं लौटाया

मामले के शिकायतकर्ता ममता मसीह जिनके खाते में 1.90 हजार जमा थे, एक अन्य हितग्राही खृस्ट मसीह पति इग्नातुष मसीह के खाते में 3000 रुपए जमा थे। ऐसे ही कई खाताधारक है जिनके पैसे गायब है। कैशियर वीरेंद्र भारद्वाज सारंगढ़ का निवासी है। जिसे निलंबित कर दिया गया है। बताया यह भी गया है कि खाता धारकों को कम पैसे लेकर सेटलमेंट करने को दबाव बनाया जा रहा है। खाता धारकों के मूल पासबुक जमा कर ली गई है जिसे लौटाया नहीं जा रहा है सभी चक्कर काट परेशान है, इसमें पूरे सिस्टम की मिली भगत सामने आ रही है।

## निकाय चुनाव : आरक्षण के बाद 7 पार्षद आगामी चुनाव में अपने वार्ड से नहीं लड़ पाएंगे चुनाव

# आरक्षण की घोषणा के बाद नपा बलौदाबाजार में कई पार्षदों की जमीन की खिसकी, नए वार्डों की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगरपालिका परिषद बलौदाबाजार के सभी 21 वार्डो की आरक्षण प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है। घोषित आरक्षण के पश्चात नगर पालिका के 7 वर्तमान पार्षद आगामी चुनाव में अपने वर्तमान वार्ड से चुनाव नहीं लड़ पायेंगे। जिसके कारण अपने राजनैतिक भविष्य को लेकर परेशान कई पार्षद अब किसी अन्य वार्ड से चुनाव लड़ने के बारे में विचार कर संभावना टटोलने में जूट गए हैं।

ऐसे पार्षद जिनके वार्ड में आरक्षण के कारण बड़ा परिवर्तन हो गया है उनमें प्रमुख रूप से वार्ड क्रमांक 1 के वर्तमान पार्षद गोविंद पात्रे का वार्ड अब अनुसूचित जाति महिला, वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद संकेत शुक्ला का वार्ड अब अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद गौतम ठेठवार का वार्ड अब अनारक्षित महिला, वार्ड क्रमांक 9 से पार्षद मनजीत कौर सूलजा का वार्ड अब अन्य पिछड़ा वर्ग, वार्ड क्रमांक 16 से पार्षद गोल्डी मरैया का वार्ड अब अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड क्रमांक 19 से पार्षद रोहित साहू का वार्ड अब अनारक्षित महिला तथा वार्ड क्रमांक 20 से पार्षद वर्तमान नपाध्यक्ष चित्तावर जायसवाल का वार्ड अनारक्षित महिला हो जाने से अब ये सभी पार्षद अपने वार्ड से चुनाव नही लड़ पायेंगे। तथा यदि इन्हे चुनाव लड़कर पुनः पार्षद बनना हो तो इन्हे किसी अन्य वार्ड से चुनाव लड़ना होगा।

ऐसी दशा के चलते कई पार्षदो ने अभी से अपने लिए किसी सुरक्षित वार्ड की तलाश करने में जूट गये है। इसके अलावा कई पार्षद ऐसे भी है जो अपने वार्ड की बजाय किसी अन्य वार्ड से चुनाव लड़कर पार्षद बनना चाहते है उनके द्वारा भी अन्य वार्ड में अपनी जीत की संभावनाऐं तलाश की जा रही हैं।




### बलौदाबाजार नगर से भाजपा को बढ़त

लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव सहित नगरपालिका के चुनाव परिणाम पर गौर करने से यह स्पष्ट होता है कि बलौदाबाजार शहर से भाजपा को हमेशा बढ़त मिलती रही है। आगामी नगरपालिका चुनाव को लेकर भाजपा की ओर से तैयारी शुरू भी जा चुकी है। इस बार अध्यक्ष पद का चुनाव पार्षदो की बजाय सीधे मतदाताओं द्वारा कराये जाने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है। जिसके चलते भाजपा में अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगो के द्वारा पार्टी संगठन के समक्ष दावेदारी करने के अलावा मतदाताओं से रायसुमारी भी की जाने लगी है। जबकि कांग्रेस पार्टी में नगरपालिका चुनाव को लेकर अभी किसी प्रकार की हलचल दिखाई नही पड़ रही है।

### पालिका में वर्तमान समय की दलगत स्थिति

वर्ष 2019 से नगरपालिका चुनाव में नगर के 21 वार्डो में से कांग्रेस पार्टी के 8 पार्षद विजयी हुए थे। वहीं भाजपा से 7 पार्षद, जनता कांग्रेस छग के 4 पार्षद तथा 2 निर्दलीय पार्षद विजयी हुए थे। लेकिन बाद में दोनो निर्दलीय पार्षद वार्ड क्रमांक 10 से विजयी मनोजकांत पुरैना तथा वार्ड क्रमांक 7 से विजयी अंजनी भारद्वाज के अलावा जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के दो पार्षद वार्ड क्रमांक 17 से विजयी जितेन्द्र माहले, वार्ड क्रमांक 2 से विजयी अनिमेश नेताम के अलावा कांग्रेस पार्टी के वार्ड क्रमांक 11 से विजयी कमल टंडन तथा वार्ड क्रमांक 14 से विजयी प्रियंका सोनी द्वारा भाजपा की सदस्य ग्रहण कर लेने के बाद नगरपालिका में भाजपा के पार्षदो की संख्या 13 हो गयी है।

# निर्वाचन में लगे कर्मचारियों को किया जा रहा प्रशिक्षित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

जिले में नगरीय निकाय चुनाव की व्यापक तैयारी की जा रही है। निर्वाचन की विभिन्न व्यवस्थाओं और मतदान के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की सेवाएं ली जा रही है। इन कर्मियों को उनके अधिकार, कर्तव्यों, नियम-निर्देशों और कानून के संबंध में जानकारी देने के लिए अलग-अलग चरण में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

इसी क्रम में रिटर्निंग आफिसर अमित गुप्ता बलौदाबाजार एसडीएम के मार्गदर्शन एवं सहायक रिटर्निंग आफिसर किशोर कुमार वर्मा तहसीलदार लवन के द्वारा नगर पंचायत लवन के लिए मतदान दल 80 लोगो का प्रथम प्रशिक्षण पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल लवन में 21 दिसंबर को सुबह 11 बजे कराया गया। इस दौरान 4 मास्टर ट्रेनर लोकेश कुमार गुप्ता व्याख्याता, हेमकुमार निराला व्याख्याता, प्रीति शुक्ला व्याख्ता, कंचनलता साहू व्याख्यता एवं सीएमओ प्रणव प्रवेश प्रधान सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारीगण मौजुद थे।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से दो बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



रविवार शाम करीब 5 बजे घटित सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मोटर सायकल सवार दो लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली बलौदाबाजार पुलिस द्वारा तत्काल घटना स्थल पहुंचकर दोनों मृतकों के शव को पीएम के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। तथा दुर्घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन की पतासाजी जारी रखने की जानकारी दी गई है।

घटना के संबंध में प्रदत्त जानकारी के अनुसार मोटर सायकल क्रमांक सीजी 11 एएफ 7968 में सवाकर होकर ग्राम सलखन थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा निवासी मृतक अशोक साहू पिता मुन्ना लाल साहू 35 वर्ष तथा पुष्पा देवी साहू पति दशरथ साहू उम्र 40 वर्ष ग्राम पनगांव के पास अमेरा डोटोपार बायपास मार्ग पर गुजर रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन द्वारा मोटर सायकल को अपनी चपेट में ले लिया गया। जिससे मोटर सायकल चला ▶▶ शेष पेज 13 पर

# अवैध व्यापार में संलिप्त लोगों को टीआई ने दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम मुड़पार में खरोरा थाना प्रभारी दीपक पासवान ने गांव में व्याप्त अवैध शराब बिक्री, जुआं को बंद कराने के लिए बैठक ली। बैठक के माध्यम से थाना प्रभारी ने जनता से विभिन्न मुद्दों पर सीधा संवाद किया तथा इस बैठक में उन्होंने अपराधिक तत्वों को अपने अवैध कारोबार तुरंत बंद करने तथा ना बंद करने की स्थिति में कठोरतम कार्रवाई किये जाने की चेतावनी देते हुए लोगों से कहा कि अपराधिक तत्वों के गतिविधियों पर नजर रखे व उनकी शिकायत करने लोगों को अपना निजी नंबर दिया। थाना प्रभारी ने गांववासियों को आश्वस्त किया कि ग्राम में व्याप्त सभी अवैध गतिविधियां खत्म कर ग्राम में शांति व्यवस्था बनाई जाएगी। अपराधियों को कानूनी कार्रवाई दूर रहने के लिए अपने अवैध धंधे बंद करने कहा अन्यथा कठोर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि दिलीप पोर्ते, अरविंद वर्मा, कमलेश यदू, टिकेश्वर यादव, प्रमोद कुर्मी, रोशन वर्मा, वेद कुमार वर्मा, पोषण साहु, संतोष यदू व समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।



# गांजा तस्करी मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



गांजा तस्करी मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। मुखबिर की सूचना पर थाना गिधौरी पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान एक वार्ना कार क्रमांक एमपी 19 एसी 9503 में भारी मात्र में मादक पदार्थ गाजा परिवहन करने की सूचना पर थाना गिधौरी के पुलिस स्टाफ द्वारा घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका गया। इस दौरान आरोपी कार चालक द्वारा कार को ग्राम अमलीडीह पत्थर के ढेर के पास ले जाकर कार को खड़ी कर फरार हो गया था। पुलिस टीम द्वारा कार की तलाशी लेने पर, कार में 50 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। कि प्रकरण में थाना गिधौरी पुलिस द्वारा धारा 20 ख एनडीपीएस एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। अपराध कायमी पश्चात थाना गिधौरी पुलिस टीम द्वारा आरोपी कार चालक का लगातार पता तलाश किया जा रहा था। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा आरोपी कार चालक आरोपी कृष्णेन्द्र त्रिपाठी 20 वर्ष 10 माह ▶▶ शेष पेज 13 पर

## कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पोस्टरों का प्रदर्शन किया

# गणितज्ञ रामानुजन की जयंती पर बनाए गणित के माडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विद्याभारती की योजनानुसार सरस्वती शिशु मन्दिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसडोल में भारत के महान गणितज्ञ श्री निवास रामानुजन की जयंती पर गणित परिषद, विज्ञान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में गणित मेला का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि अशोक कुमार वर्मा, अध्यक्ष गंगाप्रसाद साहू, विशेष अतिथि के रूप में एसके मिश्रा, शांतिकुमार साहू, प्राचार्य जयलाल मिश्रा, पाली प्रमुख सुरेश देवांगन उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, ऊं, भारत माता एवं महान भारतीय गणितज्ञ श्री निवास रामानुजन के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया। प्रारंभ में कक्षा दसवीं के छात्र योगेश साहू ने श्री निवास रामानुजन के जीवन पर विस्तृत जानकारी दी। कक्षा दसवीं के छात्र योगेश जायसवाल ने कंठस्थ पचहत्तर तक का पहाड़ा सुनाया। जिसकी सभी ने काफी प्रशंसा की। कक्षा ग्यारहवीं की लक्ष्मी एवं नियति, कक्षा दसवीं की नम्रता, साक्षी, भूमि, साधना ने आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पोस्टरों का प्रदर्शन किया।








### सूत्र एवं समीकरण हमेशा के लिए उपयोगी हैं

मुख्य अतिथि श्री वर्मा ने कहा कि विद्या भारती देश के महान विभूतियों की जयंती पर इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को प्रेरित करने का अदभुत प्रयास करती है जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि श्री निवास रामानुजन नेअपने अल्प जीवन काल में गणित पर ऐसे सूत्र एवं समीकरण दिए जो हमेशा उपयोगी हैं, जिसके कारण आज देश भर में उनकी जयंती पर राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जा रहा है। प्राचार्य जयलाल मिश्रा ने रामानुजन संख्या के बारे में बताते हुए गणित के कुछ ट्रिक बताए। कार्यक्रम के विशेष अतिथि एस के मिश्रा, शांतिकुमार साहू एवं अध्यक्ष गंगाप्रसाद साहू ने भी गणित दिवस की शुभकामनाएं दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी आचार्य दीदियों एवं किशोर भारती, कन्या भारती का सराहनीय योगदान रहा।

### बेल्दार सिवनी में सतनाम शोभायात्रा 28 को

**खरोरा।** बाबा घासीदास जंयती के अवसर पर सतनाम सेना ब्लाक खरोरा के तत्वावधान में 28 दिसंबर को सतनाम शोभायात्रा व जंयती समारोह के आयोजन की तैयारी की जा रही है। ब्लाक अध्यक्ष पप्पू पुरैना ने बताया की घासीदास जंयती के अवसर पर सतनाम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व गुरूद्वारा भंडारपुरी धाम के गद्दीनशीन धर्म गुरु बालदास साहेब एंव युवराज गुरु सौरभ साहेब आरूढ़ होंगे। अखाड़ा एंव दो दलों का पंथी नृत्य की अगुवाई में भव्य सतनाम शोभायात्रा खरोरा नगर से बेल्दार सिवनी के समारोह स्थल तक निकाली जाएगी। रात्रि में चंदन बांधे का सुरमई लोक दर्पण सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया है।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

# धान उठाव में सुस्ती, अधिकतर खरीदी केंद्रों में अब भी बफर स्टॉक से खरीदी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ में चल रही धान खरीदी के बाद खरीदी केंद्रों से उठाव की सुस्ती से चल रही है। धान का पर्याप्त उठाव नहीं होने के कारण कई खरीदी केंद्रों में अब भी बफर स्टॉक की स्थिति के कारण खरीदी नहीं हो पा रही है। प्रदेश के आधे से ज्यादा खरीदी केंद्रों में यही स्थिति है। धान खरीदी के बाद मिलरों की मांगों के संबंध सहमति बनने के बाद पिछले दो दिनों में जिले वार डीओ और टीओ जारी किए गए हैं। प्रदेश के खरीदी केंद्रों में अब भी 52.97 लाख मीट्रिक टन धान जाम है। इधर उठाव की समीक्षा के बाद बस्तर के खरीदी केंद्रों में उठाव नहीं होने पर वहां के कलेक्टर को इसमें तेजी लाने कहा गया है।

अधिकारियों ने बताया कि धान खरीदी के तहत अब तक 64.35 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव जारी है। धान के उठाव में तेजी लाने के प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देशित किए गए हैं। अब तक कुल धान खरीदी का 50 प्रतिशत से अधिक धान के उठाव के लिए डीओ और टीओ जारी कर दिया गया है। इसके विरुद्ध मिलर्स द्वारा अब तक लगभग 10.37 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। मार्कफेड के द्वारा सभी जिला कलेक्टरों को निर्देशित किया गया है कि ऐसे खरीदी केंद्र जहां बफर स्टॉक तीन से चार गुना है वहां से धान पहले उठाए जाएं।

## 64.35 लाख टन खरीदी केंद्रों में अब भी 52.97 लाख टन डंप

### कई जिलों में किसान परेशान

धान खरीदी शुरू होने के चार सप्ताह तक उठाव नहीं होने के कारण 2739 खरीदी केंद्रों से लगभग 1690 खरीदी केंद्रों में बफर स्टॉक के कारण खरीदी न होने से किसान परेशान थे। इनमें कवर्धा, महासमुंद, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, धमतरी, बलौदाबाजार, मुंगेली, दुर्ग सहित कई अन्य जिले शामिल है। यहां पर किसानों ने धान खरीदी केंद्रों में लाने के बाद वापस ले जाने के कारण परेशान हैं। कवर्धा जिले में किसानों ने इसे लेकर कुछ केंद्रों में सड़क पर चक्का जाम कर प्रदर्शन भी किया। बताया जाता है कि आने वाले सोमवार को बफर स्टॉक की स्थिति कम हो इसे लेकर अवकाश के दिनों में मिलरों को जिले और अंतर जिले का डीओ जारी कर इसे कम करने का प्रयास होगा।



### जिलों में उठाव की स्थिति

अधिकारियों ने बताया कि मिलरों को हड़ताल समाप्त होने के बाद अब तक प्रदेश में 16 प्रतिशत णान का दठाव हुआ है। उठाव करने वाले जिलों में कोरबा सबसे आगे है। यहां पर 41 प्रतिशत का रिकार्ड उठाव हो चुका है। यहां पर मिलरों के अलावा मार्कफेड ने संग्रहण केंद्रों के लिए उठाव की अनुमति दी है। वहीं धमतरी जिले में 39 प्रतिशत का उठाव हुआ है। बालोद, बालौदाबाजार और सरगुजा जिले में खरीदी का 20 प्रतिशत से अधिक उठाव कर लिया गया है। वहीं रायपुर, मुंगेली और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 19 प्रतिशत तक उठाव कर लिया गयाहै। ऐसे जिजे जहां पर उठाव कम हुआ है उनमें महासमुंद, बेमेतरा, बालोद और कवर्धा में 8 से 14 प्रतिशत तक उठाव हुआ है।

## खबर संक्षेप

### पिछड़ा वर्ग सम्मेलन 25 दिसंबर को

**रायपुर।** ग्राम खप्परवाड़ा जिला दुर्ग में पिछड़ा वर्ग सम्मेलन 25 दिसंबर को शाम 5 बजे से आयोजित है। इस सम्मेलन में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर विभिन्न समाज प्रमुखों को साथ लेकर शामिल होने राजधानी से रवाना होंगे। सम्मेलन में विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू को भी मुख्य क्रमशः विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी प्रदेश प्रवक्ता सोमनाथ साहू ने देते हुए बताया कि सम्मेलन की अध्यक्षता सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष धणेश चंद्राकर करेंगे, विशेष अतिथि ग्राम सरपंच रेवती देवदास, दीपक चंद्राकर, सौरभ चंद्राकर, धोबी समाज के जिला राजनंदगांव अध्यक्ष चैतराम निर्मलकर, दुर्ग जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर, प्रदेश संगठन मंत्री नकुल निर्मलकर, देवांगन समाज के वरिष्ठ नेता सेवक देवांगन को बनाया गया है।

### दूरदर्शन में सतनाम सतगुरु फिल्म 24 से दिखाई जाएगी

**रायपुर।** बाबा गुरु घासीदासजी के जीवन दर्शन पर बनी पहली फिल्म 'सतनाम सतगुरु' का प्रसारण दूरदर्शन पर 24 से 29 दिसंबर तक इसे 6 भागों में नियमित रूप से दिखाई जाएगी, जिसका प्रसारण शाम 7 बजे दिल्ली दूरदर्शन से किया जाएगा, इसे टाटा स्काई चैनल नंबर 1174 में भी देखा जा सकेगा। निर्माता व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. जेआर सोनी ने बताया कि अभी दिसंबर माह गुरु पर्व के रूप में चल रहा है, इसलिए इसका प्रसारण किया जा रहा है, जिसे दूरदर्शन के अलावा वेब चैनल के माध्यम से भी इस पूरे विश्व में देखा जा सकेगा। इस फिल्म में बाबा गुरु घासीदासजी को जन्म से लेकर उनके अंतर्ध्यान होने तक के सभी प्रसंगों को बखूबी दिखाया गया है। गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के अध्यक्ष केपी खंडे, डीएस पात्रे, सुंदरलाल जोगी, चम्पादेवी गेंदले एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने सभी दर्शकों से इस प्रसारण को देखने का आव्हान किया है।

### यूथ कांग्रेस आज करेगी सीएम हाउस घेराव, दिग्गज नेता भी होंगे शामिल

**रायपुर।** युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध और नशाखोरी को लेकर रायपुर में बड़ा प्रदर्शन करने जा रही है। यूथ कांग्रेस प्रदेश प्रभारी शेषनारायण ओझा ने कहा, नशा और अपराध को लेकर यूथ कांग्रेस 23 दिसंबर को सीएम हाउस का घेराव करेगी। यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भान सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन होगा। राजीव भवन में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए श्री ओझा ने कहा, 24 दिसंबर को बिलासपुर में नशे के खिलाफ हॉफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा।

### धनसेरा एनीकट निर्माण के लिए 4.67 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर।** राज्य शासन ने कांकेर जिले के विकासखंड नरहरपुर की पैरी नदी पर धनसेरा एनीकट निर्माण के लिए चार करोड़ 67 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके निर्माण कार्य हो जाने पर क्षेत्रीय किसानों को सोलर पंप के माध्यम से 80 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। इसके अलावा निस्तारी पानी एवं जल संवर्धन कार्य किया जा सकेगा। सिंचाई योजना का निर्माण कार्य कराने जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से मुख्य अभियंता महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

## थोक में दाम 20 से 25 और चिल्हर में 30 से 35 रुपए किलो

# बंगाल के आलू से तौबा, उप्र-मप्र से माल मंगाना है अभी सस्ता सौदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



आलू पर एक बार फिर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने इस माह से दूसरे राज्यों में भेजने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। ऐसा होने के बाद अब अपने राज्य के कारोबारियों ने भी बंगाल के आलू से फिलहाल तौबा कर ली है, क्योंकि अभी उप्र और मप्र से माल मंगाना सस्ता पड़ रहा है। इसी के साथ वहां से भरपूर आवक भी हो रही है। अब तो कीमत भी बहुत कम हो गई है। थोक में दाम 20 से 25 रुपए और चिल्हर में 30 से 35 रुपए हो गए हैं। कारोबारियों का कहना है बंगाल से आलू मंगाने की जरूरत नहीं है। अब ग्राहक भी उप्र और मप्र का आलू ही पसंद कर रहे हैं।

अपने राज्य छत्तीसगढ़ में आलू की आवक बंगाल और उप्र से होती है। रायपुर, दुर्ग के साथ बस्तर संभाग में आमतौर पर बंगाल का आलू ही पसंद किया जाता है। बिलासपुर और सरगुजा संभाग में उप्र का आलू चलता है। वहां पर बंगाल का आलू पसंद नहीं किया जाता है। अपने राज्य में रोज 50 ट्रक के आस-पास आलू बंगाल और उप्र से आता है। राजधानी रायपुर के ही बाजारों में रोज कम से कम 20 से 25 ट्रक आलू की आवक होती है। बंगाल के आलू पर प्रतिबंध के बाद यह आवक आधी हो गई थी, लेकिन अब कारोबारियों ने उप्र और मप्र से ज्यादा माल मंगाना प्रारंभ कर दिया है तो यहां पर रोज खपत के हिसाब से 15 से 17 ट्रक की आवक हो रही है। बिलासपुर और सरगुजा में वैसे भी आवक को लेकर कोई समस्या नहीं है, क्योंकि वहां पर वैसे भी उप्र का ही आलू चलता है।

### बंगाल से आलू बंद होने का असर नहीं

*यह दूसरी बार है जब बंगाल से आलू को दूसरे राज्यों में भेजने पर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बैन किया है। इसके पहले भी इस साल वहां पर प्रतिबंध लगाया गया था तब आलू की कीमत 40 रुपए हो गई थी। तब तो बंगाल से चोरी-छुपे आलू की आवक हो रही थी, लेकिन अब तो आवक पूरी तरह से बंद हो गई है। कारोबारी कहते हैं, चोरी-छुपे आलू मंगाने पर बहुत महंगा पड़ेगा। ग्राहकों में अब बंगाल के आलू की डिमांड नहीं है। इस समय मप्र के छिंदवाड़ा से भी भारी मात्रा में नया आलू आ रहा है। उप्र से तो वैसे भी आलू आता ही है।*

### घटने लगे दाम

आलू की कीमत आमतौर पर थोक में साल भर पहले 10 रुपए के आस-पास रहती थी। बीते साल नया आलू आया था तो थोक में यह 8 से 10 रुपए और चिल्हर में 15 रुपए किलो तक बिका है। लेकिन इस बार नया आलू आने पर पहले अब जहां थोक में 35 रुपए तक बिका वहीं चिल्हर में यह 50 रुपए तक बिका है। अब इसकी कीमत में कमी आई है। इस समय यह थोक में 20 से 25 रुपए हो गया है। चिल्हर में इसको शहर में अलग-अलग स्थानों पर कारोबारी 30 से 35 रुपए में बेच रहे हैं। जहां शास्त्री बाजार में यह 30 रुपए में मिल जा रहा है, वहीं अन्य सब्जी मंडियों और किराना दुकानों में इसको 35 रुपए तक बेचा जा रहा है।

## नाइट राउंड ड्यूटी के रजिस्टर पर दोपहर साइन, कई अस्पतालों में नॉन क्लीनिकल डाक्टरों को जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मेडिकल कालेज से संबंधित अस्पतालों में रात्रि के वक्त मरीजों की सुध लेने डाक्टरों के नाइट राउंड की ड्युटी कई तरह के विवादों में फंसता जा रही है। आंबेडकर अस्पताल में कंसलटेंट नाइट ड्युटी वाले रजिस्टर में दोपहर साइन कर रहे हैं तो अन्यकई मेडिकल कालेज से संबंधित अस्पतालों में नॉन क्लीनिकल डाक्टरों को इसकी जिम्मेदारी दी जा रही है।

अस्पतालों में रात होने के बाद मरीजों का इलाज जूनियर डाक्टरों के जिम्मे हो जाता है। इस तरह की समस्याओं को दूर करने के लिए ऑन कॉल ड्युटी करने वाले सीनियर और कंसलटेंट डाक्टरों के शाम 6 से रात्रि 9 बजे के बीच वार्डों में जाकर राउंड लेने की ड्युटी लगाई जा रही है। विभागीय अधिकारियों की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए ड्युटी वाले डाक्टरों की आंबेडकर अस्पताल में नाइट राउंड ड्युटी रजिस्टर बनाया गया है। जिसमे खेल शुरू हो गया है। रजिस्टर में साइन तय समय में ड्युटी पर उपस्थित होकर करना है मगर काम से बचने के लिए डाक्टर ओपीडी से घर लौटते वक्त अपना हस्ताक्षर कर चले जा रहे हैं।

इसी तरह बिलासपुर, रायगढ़ और कोरबा में क्लीनिकल डाक्टरों का बचाव करते हुए नॉन क्लीनिकल यानी बायोकेमेस्ट्री, पैथोलॉजी, एनाटामी जैसे विभाग के डाक्टरों की नाइट राउंड की ड्युटी लगाई जा रही है जिसका विरोध शुरू हो गया है।

### पारिवारिक कारणों से नॉन क्लीनिकल विषय

छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन ने नॉन क्लीनिकल डाक्टरों की नाइट राउंड ड्युटी का विरोध किया है। अध्यक्ष डा. हीरा सिंह के मुताबिक एमबीबीएस के बाद पारिवारिक कारणों से कई डाक्टर पीजी के लिए नॉन क्लीनिकल विषय का चयन करते है। दिनभर कालेज अध्यापन और विभाग में अन्य तरह की ड्युटी के बाद नाइट राउंड की ड्युटी करना मुश्किल होता है। ऐसे डाक्टर मरीजों की बीमारी से वाकिफ नहीं होते इसलिए उनकी समस्या का समाधान नहीं कर पाएंगे। इसके लिए संबंधित विभागों के चिकित्सकों की ही ड्युटी लगाई जानी चाहिए।

## विधायक मूणत ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



**रायपुर।** रायपुर पश्चिम क्षेत्र विधायक राजेश मूणत ने रविवार को संत रविदास वार्ड में 2 करोड़ 75 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने वार्ड की अंदरूनी सड़कों का डामरीकरण, कंक्रीट गलियों के निर्माण जैसे डेढ़ दर्जन कार्यों की शुरुआत की। श्री मूणत ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव का आभार जताते हुए कहा कि विष्णु के सुशासन का रास्ता अच्छी सड़कें-गलियों से होकर ही निकलता है। भूमिपूजन के मौके पर श्री मूणत ने कहा कि भीतरी सड़कें और गलियां सुधरने से आम लोगों को सुविधा मिलेगी और सड़कें सुधरने से इलाका भी विकसित नजर आता है।

इस मौके पर पार्षद रजियंत ध्रुव, कामिनी देवांगन सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## एजुकेटेड अग्रवाल समाज का परिचय सम्मेलन 11 से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच द्वारा वीआईपी रोड स्थित रामस्वरूप दास निरंजन लाल धर्मशाला में दो दिवसीय 11 से 12 जनवरी तक 13वें अखिल भारतीय एजुकेटेड अग्रवाल विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में देशभर के बच्चे शामिल होंगे। इस परिचय सम्मेलन में अपने विवाहयोग्य बच्चों के बॉयोडाटा ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। ऑफलाइन फॉर्म भरकर मंच कार्यालय को भी प्रेषित कर सकते हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 25 दिसंबर है। इस मौके पर छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के संरक्षक कन्हैया अग्रवाल एवं हरिवल्लभ अग्रवाल ने बताया कि परिचय सम्मेलन में हर वर्ष लगभग एक हजार बच्चों के पंजीयन प्राप्त होते हैं, लगभग दो सौ बच्चों का परिचय दो दिन में बेहद अच्छे वातावरण में नवीनतम तकनीक के साथ कराया जाता है। उन्होंने आगे बताया कि 11 जनवरी को समाज बंधुओं के लिए श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया है। बाहर से आने वाले सभी प्रत्याशियों और उनके अभिभावकों के आवास और भोजन की व्यवस्था निरंजन धर्मशाला में ही की गई है। परिचय सम्मेलन में बिना प्रत्याशी के अभिभावकों का प्रवेश निषेध रहेगा। परिचय सम्मेलन का आयोजन बच्चों के परिचय से ही सफल होगा, इसलिए समाज के बंधुओं से निवेदन है ।

**दो दिन पूर्व लाखे नगर की घटना**

## व्यापारी को चाकू मारकर लूट नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



दुकान बंद कर घर जा रहे व्यापारी पर चाकू से हमला कर लूट के आरोप में पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने नाबालिग सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। घटना में चार बदमाशों के शामिल होने की बात सामने आई है। छीना झपटी के दौरान बदमाशों ने व्यापारी के भाई के सिर पर टाइल्स से हमला कर सिर भी फोड़ दिया। घटना शुक्रवार रात की है।

पुलिस ने लूट के आरोप में भाठागांव निवासी शुभम मिश्रा, लाखेनगर निवासी सोम गजभिये तथा नाबालिग को गिरफ्तार किया है। रितेश अडवाणी ने बदमाशों के खिलाफ थाने में लूट तथा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रितेश ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को वह रात साढ़े 11 बजे दुकान बंद कर अपने भाई के साथ घर जा रहा था। इसी दौरान लाखेनगर चौक पर चार बदमाशों ने उसका रास्ता रोक लिया। लड़कों ने रितेश से पैसों की मांग की। पैसा देने से इनकार करने पर बदमाशों ने रितेश के साथ गाली-गलौज करते हुए उसके साथ छीना झपटी की। इस दौरान एक बदमाश ने रितेश पर चाकू से हमला कर दिया। बदमाश रितेश के भाई पर भी चाकू से हमला कर रहे थे, इस दौरान उसने बचने की कोशिश की। इस दौरान एक बदमाश ने रितेश के भाई के सिर पर टाइल्स से हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया।

### जीण महोत्सव का आयोजन

**रायपुर।** श्री जीण माता सेवा समिति द्वारा 15वां जीण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सत्ती बाजार स्थित अंबा देवी मंदिर में रविवार को सुबह 9 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसके बाद माता का विग्रह कार्यक्रम स्थल रामनाथ भीमसेन भवन, समता कॉलोनी में होगा। दोनों ही स्थानों में भव्य रूप से साज सज्जा की गई है। जिसके लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिलेगी। समता कॉलोनी में दोपहर 2 बजे मां जीण शक्ति मंगल पाठ का भी आयोजन किया जा रहा है।

## ठाकुर प्यारेलाल सिंह की मनाई जयंती बुनकर संघ के लिए मूणत देंगे 25 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ बुनकर सहकारी संघ ने स्वाधीनता संग्राम सेनानी, रायपुर के प्रथम विधायक, नेता प्रतिपक्ष नागपुर असेम्बली, रायपुर नगरपालिका के तीन बार अध्यक्ष रहे तथा सहकारिता के अग्रदूत त्यागमूर्ति ठाकुर प्यारेलाल सिंह की 133वीं जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम नगर निगम के जोन और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संघ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि ठाकुर प्यारेलाल सिंह का संपूर्ण जीवन देश और समाज के लिए त्याग और तपस्या का रहा है। उन्होंने कहा कि ठाकुर साहब का संपूर्ण जीवन प्रेरक रहा है। उनकी जीवनी और अन्य सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की जीवनगाथा पाठ्यक्रम में सम्मिलित होनी चाहिए, ताकि आज के बच्चे और युवा उनसे प्रेरणा ले सकें।

इसी दौरान रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने कहा कि प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण और गरिमायुक्त स्मारक बनाने और बुनकर संघ के भवन के जीर्णोद्धार के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम में विधायक मोतीलाल साहू ने ठाकुर प्यारेलाल सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपने इंजीनियरिंग कॉलेज में ठाकुर प्यारेलाल सिंह की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा भी की। कार्यक्रम को संबोधित पूर्व कुलपति और वरिष्ठ इतिहासविद प्रोफेसर एलएस निगम, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुरलीधर खंडेलवाल और संरक्षक पीएन तिवारी व नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने भी संबोधित किया। आभार व्यक्त करते हुए ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड के पार्षद व एमआईसी सदस्य, राज्य योग आयोग के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने मांग की कि निमोरा स्थित ठाकुर प्यारेलाल सिंह पंचायत प्रशिक्षण केंद्र में प्रतिवर्ष ठाकुर साहब की राज्य स्तरीय जयंती समारोह का आयोजन किया जाना चाहिए। इस पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव, वरिष्ठ विधायक राजेश मूणत और विधायक मोतीलाल साहू ने पूर्ण सहयोग करने की घोषणा की।

**कोर्स में शामिल हो सेनानियों की गाथा : किरण देव**




### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में इतिहासविद डॉ. रामकुमार बेहार, आचार्य घनाराम साहू, इतिहासकार केके अग्रवाल, पार्षद और उप नेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, छत्तीसगढ़ बुनकर सहकारी संघ के अध्यक्ष मंगलूराम देवांगन, स्वाधीनता संग्राम सेनानी परिवार से डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, अजय सोनी, अनिल गुप्ता, चंद्रशेखर पांडेय, अरूण दुबे, अनिरुद्ध दुबे, रमादत्त जोशी, पूर्व पार्षद दिलीप यदु, जगदीश आहुजा, अशोक पांडेय, आशीष अग्रवाल, अभा साहित्य परिषद के प्रांतीय संयोजक प्रभात मिश्र, पाटन के पत्रकार भूपेंद्र मिश्रा, मनीष शर्मा, एनएसएस के छात्र-छात्राएं, बड़ी संख्या में बुनकर, नगर निगम जोन के कमिश्नर विमल शर्मा, ईई लाल महेंद्र सिंह व कर्मचारियों के साथ ठाकुर प्यारेलाल सिंह के परिजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री साय, सभी मंत्री, सांसद, विधायक और प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ होगा मंथन**

## आएंगे शिवप्रकाश, नितिन नवीन, निकाय और संगठन चुनाव पर बनेगी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर अब तक कोई फैसला नहीं हो सका है। इस बीच अब भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और प्रदेश के प्रभारी नितिन नवीन 24 दिसंबर को आ रहे हैं।

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्रिमंडल के सभी मंत्री, विधायक, सांसद और प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ सबसे अहम नगरीय निकाय चुनाव पर रणनीति बनेगी। इस बैठक के बाद संभावना है कि प्रदेश सरकार नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों को लेकर कोई फैसला करेगी। बैठक में संगठन चुनाव को लेकर भी चर्चा होगी। भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं के साथ लगातार बैठकों के दौर के बाद ही प्रदेश की सरकार ने नगरीय निकाय चुनाव में महापौर और पालिका अध्यक्षों का चुनाव प्रत्यक्ष कराने का फैसला किया और इसका संशोधन विधेयक भी पारित हो गया है, लेकिन अब तक नगरीय निकाय चुनाव कब होंगे, इस पर फैसला नहीं हो सका है। इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। इस बीच अब भाजपा की बड़ी बैठक होने वाली है।

### संगठन चुनाव पर होगी चर्चा

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश को संगठन चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ का पर्यवेक्षक भी बनाया गया है। उनको बीते माह यहां आना था, लेकिन तब यहां हुई बैठक में वे नहीं आ सके थे, लेकिन अब आ रहे हैं। वे यहां पर संगठन चुनाव को लेकर प्रदेश के संगठन चुनाव प्रभारी, जिलों के चुनाव प्रभारियों के साथ बैठक करेंगे। उनके सामने अब तक हुए चुनाव को लेकर रिपोर्ट रखी जाएगी। जहां बूथों में कमेटियों का गठन हो गया है, वहीं मंडलों के चुनाव भी तब तक पूरे हो जाएंगे। इसके बाद जिलाध्यक्षों का चुनाव होना है।

### निकाय चुनाव पर होगा मंथन

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन 24 दिसंबर को यहां पहुंच रहे हैं। उनके आने के बाद दो दिनों तक लगातार बैठकों का दौर चलेगा। इसमें नगरीय निकाय को लेकर अहम मंथन होगा। बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, सभी मंत्री, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय, सभी महामंत्री और अन्य पदाधिकारियों के साथ सभी सांसदों, विधायकों के साथ भी बैठकें होंगी। इसमें नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर मंथन होगा। प्रदेश सरकार की मंशा दोनों चुनाव एक साथ कराने की है। लेकिन इस पर अब तक फैसला नहीं हो सका है। संभावना है कि दो दिनों की बैठक के बाद दोनों चुनावों को लेकर प्रदेश सरकार बड़ा फैसला कर सकती है।

## आईएसएफआर में छत्तीसगढ़ के वन एवं वृक्ष आवरण में वृद्धि, देश में प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट (आईएसएफआर) 2023 के अनुसार छत्तीसगढ़ ने संयुक्त वन एवं वृक्ष आवरण वृद्धि में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ का कुल वन आवरण क्षेत्र 55,812 वर्ग किलोमीटर है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, यह महत्वपूर्ण उपलब्धि वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सतत संरक्षण और समर्पित प्रयासों का परिणाम है। साथ ही यह प्रदेशवासियों की जागरूकता और पर्यावरण के प्रति उनकी जिम्मेदारी को दर्शाता है, जो छत्तीसगढ़ को हरित और समृद्ध बनाने में योगदान दे रहे हैं। यह उपलब्धि स्थानीय समुदायों की भागीदारी और संरक्षण कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन का परिणाम है।

### 1445 किमी की वृद्धि

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021 की तुलना में देश के वन और वृक्ष आवरण में 1445 वर्ग किमी की वृद्धि हुई है, जिसमें वनावरण में 156 वर्ग किमी और वृक्ष आवरण में 1289 वर्ग किमी की वृद्धि शामिल है। वन एवं वृक्ष आवरण में अधिकतम वृद्धि दर्शाने वाले शीर्ष चार राज्य छत्तीसगढ़ (684 वर्ग किमी), उत्तरप्रदेश (559 वर्ग किमी), ओडिशा (559 वर्ग किमी) और राजस्थान (394 वर्ग किमी) है।

## खबर संक्षेप



### अनुपम गार्डन में मनाया विश्व ध्यान योग दिवस

**रायपुर।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के संस्थापक स्वामी रामदेव महाराज के निर्देशानुसार संस्था द्वारा अनुपम गार्डन में शनिवार को विश्व ध्यानयोग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति के योगाचार्य, योग शिक्षक और योग साधक-साधिकाओं ने ध्यानयोग किया। साथ ही ओम ओम की ध्वनि से अनुपम गार्डन गुंजायमान हुआ। यह ध्यानयोग का कार्यक्रम सह राज्य प्रभारी पतंजलि योग समिति के सहायक प्राध्यापक छबिराम साहू द्वारा संपन्न कराया गया। योगाचार्य छविराम साहू ने अवंति विहार, वृंदावन गार्डन आदि स्थानों में भी योगाभ्यास कराया गया। योग कक्षा में महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। डाइट के प्राचार्य बीएल देवांगन ने विश्व ध्यानयोग दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान डाइट रायपुर में प्रशिक्षण ले रहे लगभग 200 व्याख्याता, शिक्षकों को भी ध्यान योग कराया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जयप्रकाश मिश्र, प्रहलाद दमाहे, जगदीश महामल्ला, श्याम पित्रोदा, ढालचंद जैन, राजू कोचर, मनोज सोनी, पीयूष गुप्ता, प्रवीण दमाहे, पन्नालाल नागपुरे, सरोज अग्रवाल, शीला सिंह, वर्षा जैन के साथ लगभग 50 साधक शामिल हुए।

### ख्वाजा गरीब नवाज का दो रोजा जलसा आज से

रायपुर। हिंदलवली ख्वाजा गरीब नवाज अजमेरी संजरी के 813 सालाना उर्स मुबारक के मौके पर फैजाने औलिया चिश्तिया कमेटी रायपुर की ओर से दो रोजा प्रोग्राम रखा गया है। 23 दिसंबर को चादर शरीफ सुबह 11 बजे से रात 12 बजे तक बैजनाथपारा बड़ा मदरसा महबूबिया चौक में लगेगी। 24 दिसंबर बाद नमाज मगरिब लंगर होगा। रात 10 बजे शमा महफिल असलम रायपुरी पेश करेंगे। यह जानकारी कमेटी के सदर हाजी शोबी जमील, कन्वीनर तौसिफ खान व कमेटी मेंबर्स अब्दुल रसीद, सलीम संजरी, हाजी एजाज, हाजी मजीद ने दी है।

### फैंसी स्टोर में चाकू मारकर लूट, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** फैंसी स्टोर्स, कपड़ा दुकान में कपड़ा खरीदने के बहाने महिला पर चाकू से हमला कर लूट करने के आरोप में पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल एक अन्य बदमाश फरार है। बदमाश कपड़ा खरीदने के बहाने दुकान में पहुंचे थे। एक बदमाश दुकान के बाहर रखवाली कर रहा था। महिला कपड़ा दिखा रही थी, इसी दौरान बदमाश ने जेब से चाकू निकालकर महिला के ऊपर हमला कर गले से मंगलसूत्र लूटकर फरार हो गए थे। रजनी नंदे से लूट के आरोप में मध्यप्रदेश, दतिया निवासी निलेश बघेल को पुलिस ने लूट के आरोप में गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने नौ दिसंबर को लूट की घटना को अंजाम दिया है। घटना में शामिल महाराष्ट्र, नागपुर निवासी आशीष तिवारी फरार है। जानकारी के मुताबिक आशीष तिवारी ने महिला के साथ लूट की थी। निलेश दुकान के बाहर रखवाली कर रहा था। बदमाश पूर्व में भी दुकान में खरीदी करने के बहाने रैकी करने जा चुके थे।

## पेज 11 के शेष

### अज्ञात वाहन की...

रहे अशोक साहू व पीछे सवार पुष्पा देवी साहू के सिर फट जाने से लहूलुहान होने के साथ घटना स्थल पर ही दोनो ने दम तोड़ दिया।

### गांजा तस्करी मामले ...

ग्राम दाम्हा थाना नागौद जिला सतना मध्य प्रदेश को सतना मध्यप्रदेश से हिरासत में लिया गया। जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने कार हुंडई का वरना क्र. एमपी 19 एसी 9503 के माध्यम से अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करना स्वीकार किया' गया। कि प्रकरण में थाना गिधौरी पुलिस द्वारा शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# एसपी ने दिखाए तेवर, बदमाशों की ली क्लास, मुर्गा बनाकर कराई उठक-बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर में बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने नए एसपी लाल उम्मेद सिंह एक्शन मोड पर आ गए हैं। एसपी ने शुक्रवार को शहर के सौ चाकूबाजों की क्लास लेते हुए उनकी ऊठक-बैठक कराने के साथ मुर्गा बनाकर उन्हीं की भाषा में समझाने लाठी से हाथों की सिंकाई कराई। साथ ही बदमाशों को भविष्य में किसी भी तरह के अपराध से दूर रहने की चेतावनी दी। बदमाशों की क्लास लेने के साथ ही एसपी सुबह भारी-भरकम पुलिस बल के साथ बोरियाकला स्थित बीएसयूपी कालोनी में छापे की कार्रवाई करने पहुंचे। बीएसयूपी कालोनी में 50 के करीब संदिग्ध मिले। संदिग्धों से पूछताछ करने के साथ दस्तावेजों की जांच करने के बाद उन्हें जाने दिया।

- बीएसयूपी कालोनी में दबिश देने एसपी सहित पुलिस के अधिकारी व जवान पहुंचे

पुलिस को पिछले कुछ दिनों से मुजगहन थाना क्षेत्र में भारी संख्या में बाहरी लोगों के आकर रहने की सूचना मिल रही थी। साथ ही बाहरी लोगों के अपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने की जानकारी पुलिस को मिल रही थी। इसी बात को ध्यान में रखते हुए एसपी ने बोरियाकला स्थित बीएसयूपी कालोनी में दबिश देने जाने का निर्णय लिया और वे स्वयं पुलिस बल के साथ बोरियाकला घरों की तलाशी लेने पहुंच गए।





### संदिग्ध वाहनों की जब्ती

बोरियाकला पहुंचे दो सौ के करीब पुलिसकर्मी तथा अधिकारियों की टीम ने सात सौ मकानों की तलाशी ली। इस दौरान कालोनी में 20 के करीब संदिग्ध वाहन मिले। कथित वाहन मालिकों से दस्तावेज की मांग की गई, तो वे मौके पर दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाए। इस बात को ध्यान में रखते हुए एसपी के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस के जवान संदिग्ध वाहन जब्त कर ट्रैफिक थाना लेकर आए।

### दूसरे शहर से आईं सौ के करीब युवतियां मिलीं

जांच के दौरान पुलिस टीम को कई मकानों में एक-एक कमरे में आधा दर्जन दूसरे शहर से आई युवतियों के रहने की जानकारी मिली। पूछताछ में युवतियों ने पुलिस को रायपुर में चेन मार्केटिंग में जुड़कर काम करना बताया। इस प्रकार एक-एक कमरे में आधा दर्जन की संख्या में रह रही में सौ के करीब युवतियां मिलीं। युवतियों ने जिस चेन मार्केटिंग में काम करने की जानकारी पुलिस को दी है, पुलिस उस चेन मार्केटिंग कंपनी से संपर्क कर जानकारी लेने की बात कह रही है।

### सौ बदमाश थाने तलब

एसपी के निर्देश पर क्राइम ब्रांच पुलिस ने शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र के सौ के करीब बदमाशों को एकत्रित किया। थाने में एकत्र बदमाशों से एसपी ने उनका क्रिमिनल रिकार्ड पूछा। इसके बाद बदमाशों को क्रिमिनल हिस्ट्री के आधार पर अलग-अलग किया गया। हत्या, हत्या के प्रयास, चाकूबाजी जैसे गंभीर मामलों के आरोपियों को अलग खड़ा किया गया और उन्हें मुर्गा बना दिया गया।

### चिल्लाते, उछलते रहे बदमाश

तीन दर्जन से ज्यादा बदमाश जो सख्ती के बाद भी नहीं सुधर रहे, ऐसे बदमाशों को लाइन से अलग किया गया। इसके बाद मौके पर उपस्थित अन्य बदमाशों के सामने पट्टे से उनके हाथों की पुलिस ने सिंकाई की। सिंकाई परेड में बदमाश उछलते-कूदते नजर आए और पुलिस से माफी मांगते दिखे।

# कामता सोसायटी के अध्यक्ष बने रोहित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

जिला सहकारी बैंक सिमगा अंतर्गत सहकारी समिति कामता में सोसायटी अध्यक्ष के लिए रोहित साहू को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया। वहीं शनिवार को मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, की उपस्थिति में जिला सहकारी बैंक के ब्रांच मैनेजर जेआर लहरी एवं समिति प्रबंधक भगवती साहू ने नवनियुक्त अध्यक्ष रोहित साहू को कार्यभार ग्रहण कराया।

उक्त अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष श्री साहू ने पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा का आभार व्यक्त किया। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री शर्मा ने नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि सिमगा ब्लॉक के लगभग सभी सोसाइटियों में प्राधिकृत अधिकारी बैठा दिया गया है कुछ जगहों पर देरी जरुर हुई है वहां भी अब अध्यक्ष मनोनीत कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्रों में किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की कोई समस्या न हो यह देखना सोसायटी अध्यक्ष का नैतिक दायित्व है ।

भाजपा गांव गरीब व किसान की चिंता करने वाली सरकार है । इस अवसर पर किसान नेता अनिल पांडे, पूर्व मंडल अध्यक्ष केजू बघेल, आनंद यादव, मंडल अध्यक्ष सिमगा चंद्रमणि तिवारी, छोटू यादव, मनोज टोंडे, कामता के कृषक सेवक वर्मा, संतोष वर्मा, कलाराम वर्मा, रामनरेश साहू, रामू यादव, छबी राम साहू, चौन सिंह धुरव, ग्राम नवागांव से रमेश साहू, मुरली साहू, मुन्ना साहू, जंभेश्वर साहू, ग्राम मुसवाडीह से ज्ञानचंद साहू, श्रीराम साहू, पारस गेंडरे ग्राम भोथीडीह से बंशी यादव, सहित बड़ी संख्या में किसान व ग्रामीण उपस्थित थे।

# आनंद मेले में बच्चों ने स्टाल लगाकर बेचा गुपचुप पांव भाजी व मंचूरियन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

सागर हायर सेकेण्डरी स्कूल भटगांव में आनंद मेला कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि सुभाष जलान, रेवती चन्द्रा, आत्मा राम साहू मोहन साहू ने रिबन काटकर एवं मां सरस्वती की पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा बच्चों को वार्षिक खेल कूद के विजताओं को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया।

आनंद मेला कार्यक्रम में अनेक स्वादिस्ट व्यंजन बनाये गए थे जिसमें गाजर, हलवा, पांव भाजी, मंचूरियन, बर्गर, वड़ापाव, समोसा, गुपचुप एवं रसगुल्ला आदि बनाया गए थे। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़चढ़ का हिस्सा लिया। वहीं अनुष्का, आसमा, कल्याणी, होमसी,देबू, मयंक प्राची, सालू, चंचल, मनुज,लक्की अगम,विद्या, रेशमा, आसीन जाह्वी, परिधि,वर्षा,शुभम इत्यादि बच्चो एवं पालक व समस्त स्टॉफ का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर धर्मेंद्र साहू, उपाध्यक्ष योगेश केशरवानी, जिला उपाध्यक्ष सहदेव सिदार, सह सचिव, प्रज्ञा इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर व युवा पत्रकार केपी पटेल उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का दीपक डनसेना ने आभार व्यक्त किया।

# भटगांव धान खरीदी केंद्र में किसानों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का एक वर्ष पूर्ण होने पर हर खरीदी केन्द्रों मे कृषि एवं सहकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान मे किसान सम्मान समारोह रखा गया है। सोसाइटी अध्यक्ष रामलाल साहू ने सभी किसानों का स्वागत किया। वही कार्यक्रम मे पधारे भाजपा जिलाध्यक्ष सुभाष जालान ने विष्णुदेव साय की पाती नामक संदेश सभी किसान भाईयों को सुनाया और विष्णुदेव साय सरकार की नई योजनाओं के बारे मे किसानों को बताया। मंच का संचालन कर रहे कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी केशरवानी ने किसान भाईयों को अच्छी खेती के गुर सिखाये जिसमे मिट्टी परीक्षण, खाद की मात्र, जमीन के हिसाब से कौन सी फसल कब लेनी है। अच्छे पैदावार हेतू क्या क्या काम किसानों को करना चाहिए जैसी कई मुद्दों पर अपना विचार किसानों के समक्ष रखा। कार्यक्रम मे लगभग 100 किसानों का सम्मान श्रीफल देकर आये हुये अतिथियों ने किया, जिसमे भटगांव क्षेत्र के साथ सरसीवा क्षेत्र से भी किसान भाई शामिल रहे। यह आयोजन कृषि उपज मंडी धान खरीदी केन्द्र मे रखा गया। वही कार्यक्रम मे कृषि विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारी दिनानाथ साहू के साथ जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक राम रतन रत्नाकर व जेडी पटेल उपस्थित थे।

### हितग्राहियों को किसानकिट वितरित किए गए




बगबुडा। कृषि उपज मण्डी,कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बलौदाबाजार में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर किसान सम्मान एवम् कृषक संगोष्ठी कृषक सम्मेलन समारोह का सफलतापूर्ण आयोजन किया गया। यह आयोजन बलौदा बाजार जिला के कृषि उपज मंडी के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। जिसमें लाभान्वित किसानों को पी एम किसान सम्मान निधि, सोइल कार्ड, मूँग सीड्स सहित विभिन्न हितग्राहियों को किसान किट वितरित किए गए। आपको बता दें कि इस तरह के कार्यक्रम ग्राम पंचायतों, विकासखण्डों सहित जिला स्तर पर प्रमुखता से आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामकुमार साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत लवन, अनूपम बाजपेई, रामनारायण यादव, भूपेन्द्र टण्डन सहित किसान लोग प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# रामानुजन जयंती पर गणित दिवस का हुआ आयोजन




**खरोरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय खरोरा में 21 दिसम्बर महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि लक्ष्मण वर्मा, विशिष्ट अतिथि नारायण प्रसाद व अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी पाटकर ने किया। गणित दिवस पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन से गणित जैसे कठिन विषयों को सरल करने का अच्छा प्रयास विद्या भारती ने की है। नसीब सोनवानी व निहारिका वर्मा ने महान गणितज्ञ श्री निवास रामानुजन भास्कराचार्य आर्यभट्ट के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। गणित दिवस को सफल बनाने हेतु गणित के आचार्य राजू वर्मा, भारत लाल वर्मा आचार्या श्रीमती ममता वर्मा, कु. चन्द्रप्रभा वर्मा, कुमारी भारती देवांगन, श्रीमती अनिता चन्द्रकार कांक्षी धीवर एवं डॉली धीवर का सहयोग सराहनीय रहा।

# खरोरा स्कूल में नाटक व नृत्य प्रतियोगिता हुई



**खरोरा।** नवीन प्राथमिक शाला खरोरा में प्रोजेक्ट इनोवेशन अंतर्गत कल्चर एक्जीविशन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नाटक, नृत्य, समूहगान समूह, नृत्य वाटत आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाला समिति के सदस्य एवं पालकव शिक्षक शिक्षिका की विशेष सहयोग रहा। प्रथम द्वितिय, तृतीय प्रतिभागीयो को प्रशस्ति पत्र व ट्राफी प्रदान किया गया।

# निजी स्कूल में पढ़ने वाले 11वीं के छात्र ने किया छात्रा से रेप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अमलीडीह स्थित एक निजी स्कूल के 11वीं में पढ़ने वाले एक छात्र के खिलाफ उसी स्कूल में पढ़ने वाली एक नौवमी की छात्रा के परिजनों ने रेप की शिकायत दर्ज कराई है। घटना दो माह पूर्व की बताई जा रही है। जिस छात्र के खिलाफ परिजनों ने राजेंद्र नगर थाने में रेप की शिकायत दर्ज कराई है, उस छात्र का पिता पुलिसकर्मी है। छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने सीनियर छात्र के खिलाफ पाक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर छात्र को गिरफ्तार किया है।

छात्रा के परिजनों ने पुलिस को बताया है कि उनकी बेटी पिछले एक महीने से स्कूल जाने से डरती थी। स्कूल जाने से बचने का कारण पूछने पर छात्रा अपने परिजनों से किसी तरह से बात करने से घबराती थी और घर में गुमसुम रहती थी। परिजन छात्रा को स्कूल लेकर गए, तो स्कूल प्रबंधन ने छात्रा की काउंसिलिंग कराने की बात कह कर काउंसिलर के पास भेजा।




# मुरारी पहुंचे गुर्रा ग्राम के जोगीदीप



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

रायपुर जिला पंचायत के पूर्व सभापति एवं किसान जवान कल्याण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मुरारी मिश्रा द्वारा शराब एवं नशाखोरी के खिलाफ चलाये जा रहे जन जागरण अभियान तीसरे दिवस रविवार को ग्राम खपराडीह से दोपहर गुर्रा ग्राम के जोगी दीप में पहुंची। जहां सभी पदयात्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व सरपंच अमर मांडवी सरपंच, उपसरपंच और शराब के खिलाफ लड़ने वाले का सम्मान किया गया। खपराडीह में दो लोग अवैध शराब बेच रहे है उनके खिलाफ पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर को शिकायत करेंगे और गांव–गांव में बिक रहे अवैध शराब को रोक लगाने की मांग करेंगे साथ में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करेंगे। सम्मान जिनका किया गया। सरपंच लक्ष्मण दास मानिकपुरी, अमर मांडवी, दिलीप मानिकपुरी, दीपक चावड़ा और उपसरपंच श्रीमती मांडवी, लक्ष्मी मानिकपुरी जो महिला समूह के अध्यक्ष इन सब का सम्मान किया। जिसके पश्चात पदयात्र राजाढार, आलेसुर के बाद ग्राम खैरी में सरपंच एवं उपसरपंच अमर सिंह धुरव के नेतृत्व में पदयात्र का स्वागत किया गया और वहां पर भी शराब और नशा के खिलाफ संदेश दिया गया।



## खबर संक्षेप

### छग गोस्वामी समाज का सम्मेलन कल से

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद द्वारा 24 व 25 दिसंबर को दो दिवसीय जिला स्तरीय आवासीय सामाजिक कार्यशाला एवं पारिवारिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुए समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी ने बताया कि वर्तमान समय में युवा वर्ग आधुनिकता की अंधी दौड़ में इस कदर फंस चुकी हैं कि उन्हें अपनी संस्कृति, परंपरा और रीति-रिवाजों की जानकारी ही नहीं है। इसीलिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न विषयों जैसे मठ, मढ़ीं, अखाड़े क्या हैं? कितने हैं, कहां हैं और गृहस्थ गोस्वामियों का इनसे क्या संबंध है आदि की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा गोस्वामी समाज के आराध्य देव, विभिन्न परंपराओं के बारे में भी बताया जाएगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले लोगों का सम्मान किया जाएगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के पदाधिकारी रामेंद्र गिरि, शंकर पुरी, ओमप्रकाश पुरी, डिगेंद्र गिरि, यशवंत गिरि, विजय पुरी, धीरेंद्र गिरि, सुधा गोस्वामी, अर्चना गोस्वामी आदि तैयारियों में जुटे हुए हैं तथा समाज के सदस्यों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील किए हैं।

### विकास कार्यों का किया गया भूमिपूजन



**महासमुंद**। नगर पंचायत तुमगांव के वार्ड नं 05 हाथी बुडान के पास नगर के लोगों के सुविधा को ध्यान में रखते हुए बस स्टॉप निर्माण कार्य तथा वार्ड नं 07 में नगर कुलदेवी मां शीतला मंदिर परिसर में नगर के माताओं के सुविधा हेतु महतारी घाट निर्माण कार्य एवं वार्ड नं 06 गोविंदा तालाब में भी नगर के माताओं के सुविधा को ध्यान में रखते हुए महतारी घाट निर्माण आदि विभिन्न विकास के के कार्य हेतु सभी जनप्रतिनिधियों नगरवासियों ने पूजा अर्चना कर नारियल फोड़कर भूमिपूजन किया गया और विकास कार्य को प्रारंभ कराया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल नगर के पार्षद सभापति धर्मेंद्र यादव, आचार्य पंडित अरविंद शर्मा, आदि नगरवासी जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## निधन

### कैलाश केडिया

**बलौदाबाजार**। नगर के सराफा व्यवसायी कैलाश केडिया पिता अबीरचंद केडिया का शनिवार को निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा रविवार को शांति सरोवर स्थित निवास से रायपुर मार्ग स्थित मोक्षधाम के लिए निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल थे। वे रमेश केडिया, प्रकाश केडिया, प्रमोद केडया के छोटे भाई व कमल केडिया के बड़े भाई तथा शांतनु केडिया व शालिनी टाटिया के पिता थे।



**सौगत : लाखों के विकास कार्यों का शिवरतन शर्मा ने किया लोकार्पण**

# बाबा के बताए रास्ते पर चलकर होगी समाज की प्रगति : शिवरतन शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने भाटापारा ब्लाक के मोपका ग्राम पंचायत में आयोजित बाबा घासीदास जयंती समारोह एवं विकास कार्यों के लोकार्पण में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने बाबा घासीदास के बताएं रास्ते पर चलने और उनके उपदेशों का पालन करने की बात कही। उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि आज से लगभग 250 साल पहले छत्तीसगढ़ की धरती पर बाबा गुरु घासीदास ने जन्म लिया था। इस देश में जैसे गुरु रविदास, गुरु कबीर दास, गुरु नानक देव जी और भगवान बुद्ध ने अलग-अलग पंथों की स्थापना की। वैसे ही बाबा घासीदास ने सतनाम समाज की स्थापना की थी। जैसे गीता,भागवत, शिव पुराण आदि में बताया गया है कि अगर जिंदगी में सफलता पानी है तो सत्य के रास्ते पर चलना चाहिए। वैसे ही बाबा साहब ने भी सत्य के रास्ते पर चलने का उपदेश दिया था। उन्होंने सभी मनुष्य को एक समान बताते हुए एक साथ मिलजुल कर रहने को कहा था। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि बाबा घासीदास ने बोला था कि गरीबों की चिंता होनी चाहिए और भाजपा सरकार उसी पर काम कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत हर गरीब परिवार को मुफ्त में गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हर गरीब को पक्का मकान, आयुष्मान योजना के तहत हर गरीब का मुफ्त इलाज कर रही है। शिवरतन शर्मा द्वारा ग्राम में बने यादव पारा सामुदायिक भवन, कुर्मी पारा सामुदायिक भवन, सतनामी पारा सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। उक्त कार्यक्रम में ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, सरपंच सीमा घनश्याम बंजारे, आजुराम वर्मा, परस यादव, रमेश नवरंगे, संतोष साहू, नरेंद्र यादव, मालती साहू, चेतन वर्मा, सहित बडी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण, जलप्रपात और जलाशय को देखा



हरिभूमि मुंडा ⏭ न्यूज

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अहिल्दा के छात्र-छात्राओं को उड़ीसा प्रांत के नरसिंहनाथ एवं पतोरा जलाशय का भ्रमण शाला प्रशासन द्वारा कराया गया। भ्रमण के दौरान छात्र- छात्राओं ने भौगोलिक प्राकृतिक दृश्यों का भरपूर आनंद उठाया। बच्चों को पहाड़, झरना, जलप्रपात विभिन्न प्रकार की वनस्पतियां जंगलों में पाई जाने वाली जड़ी बूटियां जलाशय आदि से रूबरू हुए। साथ ही साथ प्राचीन मंदिर नरसिंहनाथ, गुलशन कुमार द्वारा निर्मित पटोरा में शिव मंदिर राजीव गांधी उद्यान का भी भ्रमण कराया गया। बच्चों में काफी उत्साह का माहौल रहा। भ्रमण के दौरान प्रधान पाठक अरविंद कुमार मिश्रा शिक्षिका शालिनी बाजपेई, विश्वनाथ कोसले, भृत्य मोहन कोसले उपस्थित थे।

# अनुपम बने बीजेपी के लवन मंडल अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

भाजपा द्वारा संगठन कि नवीन संरचना के तहत मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की जा रही हैं। इसी तारतम्य में गुरुवार को मंडल अध्यक्ष का निर्वाचन एवं वरिष्ठ पदाधिकारीयो की बैठक का आयोजन अग्रवाल काम्प्लेक्स परिसर में रखा गया। जिसमें मंडल चुनाव अधिकारी के रूप में विजय केशरवानी तथा सहायक चुनाव अधिकारी के रूप में जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ गिरधारी वर्मा उपस्थित थे। जिसमें सर्वानुमति से लवन अनुपम बाजपेयी को भारतीय जनता पार्टी लवन मंडल अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं नें रंग गुलाल लगाकर एवं फूल माला पहनाकर उन्हें इस नए दायित्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री बाजपेयी ने मंडल अध्यक्ष नियुक्त होने पर कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो एक छोटे से कार्यकर्ता को भी बड़ी से बड़ी जिम्मेदारी देती है। पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी लगन और निस्वार्थ भाव से सदैव पार्टी की सेवा करता उन्होंने अपनी इस नियुक्ति पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, जिलाध्यक्ष डा.सनम जांगड़े,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डा अजय राव, वरिष्ठ नेता संजय बाजपेयी , महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुलोचना यादव, सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक गिरधारी वर्मा, जिला उपाध्यक्ष दुर्गा पटेल, मंडल अध्यक्ष विजय यादव, युवा मोर्चा जिला महामंत्री प्रशांत यादव सहित समस्त शुभचिंतको एवं देवतुल्य कार्यकर्त्ता साथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनका आभार व्यक्त किया है वही उनके नियुक्ति पर उनके इष्ट मित्रें एवं लवन मंडल के विभिन्न कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# रामानुजन जयंती को गणित मेला के रूप में मनाया गया


हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार




बच्चों में सीखने की क्षमता को विकसित करने तथा उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से श्रीनिवास रामानुजन की जयंती अवसर पर स्थानीय विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर में विद्यालय संचालन समिति के सचिव राज नारायण केसरवानी के मुख्य आतिथ्य एवं भारत स्काउट गाइड के प्रदेश उपाध्यक्ष व स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के प्रदेश मंत्री, विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष विजय केसरवानी की अध्यक्षता में गणित मेला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती, ओम व भारत–माता तथा श्रीनिवास रामानुजन की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । गणित मेला में मुख्य रूप से गणित प्रश्न मंच, गणित प्रादर्श, गणितीय काव्य, उल्टी पहाड़ा, गणित प्रयोगात्मक, गणित प्रश्नावली ,आदि विधाओं के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सह सचिव श्रीमती नीलम सोनी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्रस्तावित भाषण विद्यालय के प्राचार्य त्रिलोचन साहू ने दिया । कार्यक्रम का संचालन राजेश्वरी साहू ने की। कार्यक्रम में मंजीत कौर सलूजा, भोजेश्वरी साहू एवं गायत्री वर्मा का विशेष सहयोग रहा।

# मुकेश बने साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के संगठन सचिव

**भाटापारा**। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल साहू, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष संदीप साहू के निर्देशन में प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष जी पवन साहू ने अपने युवा प्रकोष्ठ मुकेश (चौहान) साहू को युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संगठन सचिव के रूप में नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के बाद समाज में हर्ष का माहौल है। संघ के सभी पदाधिकारियों और समाज के लोगों ने मुकेश चौहान साहू को शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की आशा व्यक्त की।



# धनसीर में ईशर गौरा महोत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पवनी



ग्राम धनसीर के मांझा खोल में गौरा गौरी महिला समिति द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ईशर गौरा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस गौरा गौरी विवाह की परंपरा छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को बनाए एवं बचाए रखने में ग्रामीण अंचलों की अहम भूमिका रहती है। महिलाओं द्वारा एक सप्ताह तक गांव के घर - घर जाकर सुआनृत्य किया गया। जिसमें मांझा खोल से भगवान शंकर की बाराती निकलकर मांदर के ताल के साथ नाचते झूमते हुए वधू पक्ष नरसिंग लाल ठाकुर के घर पहुंचे बारातियों का स्वागत धूमधाम से किया गया । इस दौरान महिलाओं द्वारा विवाह गीत गाया गया। सुबह पूजन के बाद ठाकुर तालाब में विसर्जन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष तथा बच्चे उपस्थित रहे।

**ग्राम बरौंडा में एनएसएस का सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ**

# शिविरों से बच्चों में व्यक्तित्व का विकास होता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई भरत देवांगन स्कूल खरोरा का सात दिवसीय शिविर ग्राम पंचायत बरौंडा में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत बरौंडा के सरपंच प्रदीप मढ़रिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होने समस्त स्वयंसेवी छात्रों को स्वयं को आत्मनिर्भर होने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप लोग पूरे शिविर के दौरान श्रमदान, रचनात्मक, सृजनात्मक गतिविधियों एवं सामुदायिक सेवा कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लेंगे, लोकतांत्रिक जीवन के मूल्यों को सीखते हुए, आगे जाकर राष्ट्र निर्माण में सहयोग प्रदान करेंगे। साथ ही साथ अपने विचार प्रकट करते हुए, सरपंच प्रदीप मढ़रिया, में बताया कि इस प्रकार के शिविरों से बच्चों में व्यक्तित्व का विकास होता है। और ग्राम पंचायत सरपंच आश्वस्त करते हुए कहा कि इस शिविर आयोजन में, हर संभव मदद करने का विचार प्रकट किए। प्राचार्य रजनी के मार्गदर्शन में संचालित इस शिविर में 24 स्वयंसेवी छात्र एवं 23 स्वयंसेवी छात्रों सृजनात्मक एवं रचनात्मक कार्य करने सम्मिलित हुए है। इस कार्यक्रम में कुंजन दास कुर्रे, तोपसिंह टंडन, उपसरपंच संतराम कुर्रे, शाहिना परवीन, अमर बर्मन, चारुभद्र बारले, पंचगण चित्ररेखा धीवर, रामेश्वरी धीवर, कुमारी बंजारे, ओंकार प्रसाद वर्मा, सरिता बंजारे, राकेश कुमार वर्मा, बसंती यदु, मंजू देवांगन, कलानाथ निर्मलकर, शिविरार्थी स्वयंसेवी छात्र-छात्राएं एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# कुराश चैम्पियनशिप के लिए टीम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

लुधियाना पंजाब में 23 से 26 दिसंबर तक आयोजित होने वाली सिनियर नेशनल कुराश चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ कुराश टीम की घोषणा सचिव आदित्य सिंह ने की। खिलाड़ियो में रायपुर जिले से झरना निषाद, उषा यादव, रवि जांगड़े, राहुल यादव एवम कोरबा जिले से मधुकर जाटवर है।

टीम में घोषित खिलाड़ियो को छत्तीसगढ़ ओलिम्पिक संघ उपाध्यक्ष शरद शुक्ला, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन अध्यक्ष बैजनाथ गुप्ता, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन सचिव आदित्य सिंह, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन कोषाध्यक्ष आशीष यादव, निलेश यादव उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन,चीफ कोच जगदीश चौधरी , टेक्निकल चेयरमैन वर्षा मिरी सहसचिव पूनम अहीर, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन सदस्य ओम मिश्रा, अजित, सुकलाल यदु, गौतम मिरी, गोपी देवांगन, सरस्वती यादव, रमा टण्डन ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को बलौदाबाजार भाटापारा जिले में सर्वे कार्य हेतु युवक/युवतियों की आवश्यकता है जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468
बाहर के अभ्यार्थियों के लिए आवास+भोजन की सुविधा
हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय
भाटापारा रोड बस स्टैण्ड, बलौदाबाजार

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

स्वामी जी 93406-38884
स्पेशल कोच से
15 फरवरी 2025
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
चलो प्रयागराज पवित्र महाकुंभ 2025
नोट-महाकुंभ 2025 के डिलक्स, प्रीमियम पैकेज के लिए संपर्क करें-7354411411
11 जनवरी से 16 जनवरी 2025,27 जनवरी से 01 फरवरी 2025, 01 फरवरी से 06 फरवरी 2025,10 फरवरी से 15 फरवरी 2025, 24 फरवरी से 01 मार्च 2025
शाही स्नान
13 जनवरी 2025 (पौष पूर्णिमा ), 14 जनवरी 2025 (मकर संक्रांति ), 29 जनवरी 2025 (मौनी अमावश्या), 03 फरवरी 2025 (बसंत पंचमी), 12 फरवरी 2025 (माघ पूर्णिमा), 26 फरवरी 2025 (महाशिवरात्रि)
नोट :-2/2 बस (50 सीटर)/ रेलवे टिकट, नाश्ता, रात्रि भोजन, रात्रि विश्राम (टेंट), गाइड
केवल प्रयागराज महाकुंभ 2025 सहयोग राशि- 6001/-
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411